राज्यपाल सचिवालय

राजभवन, जयपुर

# राज्यपाल ने 'भक्ति कला प्रदर्शनी' का उद्‌घाटन किया

जयपुर, 27 अगस्त। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने संत श्री विजय कौशल जी महाराज के साथ शनिवार को राजभवन में पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र की ओर से आयोजित भक्ति चित्रों पर आधारित कला प्रदर्शनी का उद्‌घाटन किया।

राज्यपाल श्री मिश्र ने प्रदर्शनी में देवी–देवताओं और भगवान की लीलाओं की कलाकृतियों का अवलोकन करते हुए इनकी सराहना की। उन्होंने कहा कि कला में भक्ति का भाव अनुपम सृजन को जन्म देता है।

पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र की निदेशक श्रीमती किरण सोनी गुप्ता ने बताया कि केन्द्र की ओर से राजभवन में आयोजित भक्ति कला प्रदर्शनी अगले पांच दिन तक चलेगी ।

―――――